उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं



# JALAUN POLICE

## दिनांक- 10.01.2026

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित CM-डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था से सम्बन्धित मानकों पर आधारित उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में जनपद जालौन को माह दिसम्बर 2025 में छठवां स्थान प्राप्त कर लगातार आठवीं बार टॉप टेन रैंक बरकरार बनी हुई है।**

मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस विभाग के कार्यों की परफॉर्मेंस के आधार पर प्रदेश स्तर पर प्रत्येक माह जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है। मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में प्रदेश स्तर पर जारी की गई रैंकिंग में माह दिसम्बर 2025 के कार्यों के लिए जनपद जालौन पुलिस को छठवां स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार द्वारा सीएम डैशबोर्ड सम्बन्धित कार्यों की स्वंय मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित अधि0/कर्मचारीगण को लगातार दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं।

मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश द्वारा कुल- 51 परियोजनाओं- एससी/ एसटी एक्ट में कार्यवाही, गैंगस्टर एक्ट में अपराधियों की गिरफ्तारी, गुंडा एक्ट की कार्यवाही, पॉक्सो एक्ट की कार्यवाही, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही, आवकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम, शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व महिला सम्बन्धी अपराधों में कार्यवाही तथा सत्यापन सम्बन्धी कार्यवाही, चरित्र प्रमाण पत्र, धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि की कार्यवाही इत्यादि के सम्बन्ध में प्रदेश स्तर पर रैंकिंग जारी की जाती है।

CM-डैशबोर्ड के अन्तर्गत पुलिस विभाग की विभिन्न पोर्टलों की प्रचलित सेवाओं मे किये गये कार्य प्रदर्शन की समीक्षा कर रैंकिंग जारी की जाती है। पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार के दिशा-निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जालौन श्री प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश शासन के CM-डैशबोर्ड पर विभिन्न सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा समीक्षा कर CM-डैशबोर्ड पोर्टल पर आ रही कमियों को दूर किया गया तथा विभिन्न पोर्टलों पर समयबद्ध कार्यों हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारियों को उत्कृष्ट कार्य/प्रदर्शन करने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया गया। शासन के मंशानुरूप इस कठिन परिश्रम, अथक प्रयास से विभिन्न पोर्टलों पर प्रचलित सेवाओं में जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्ण मनोयोग से गुणवत्तापूर्ण कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप **माह दिसम्बर 2025 के उपरोक्त कार्यों के लिए जनपदीय पुलिस को प्रदेश स्तर की रैंकिंग में छठवां स्थान प्राप्त कर लगातार आठवीं बार टॉप-टेन में बरकरार बनी हुई है।**

जालौन पुलिस आगे भी प्रत्येक क्षेत्र में इसी तरह से निरंतर कार्य करती रहेगी तथा नागरिक सुरक्षा एवं अपराध/भय मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है।